ममता संजीव दूबे,
भा.व.से.
प्रधान मुख्य वन संरक्षक और विभागाध्यक्ष /
हेड ऑफ फारेस्ट फोर्स
उत्तर प्रदेश, लखनऊ।

17– राणा प्रताप मार्ग, लखनऊ
दूरभाष– 0522– 2206168
ई–मेल pccf-up@nic.in

पत्र संख्या– प०-408 /32-18 (सामान्य)

लखनऊ, दिनांक, 07.12. 2022

सेवा में,

कुलपति / कुल सचिव,
राजश्री टन्डन मुक्त विश्वविद्यालय,
17 महार्षि दयानन्द मार्ग,
इलाहाबाद-211001 (उ0प्र0)

विषयः– इन्टर्नशिप के संबंध में।

महोदय,

आपके अधीनस्थ विश्वविद्यालय एवं विभिन्न महाविद्यालयों में स्नातक एवं परास्नातक कक्षाओं में अध्ययनरत विद्यार्थियों / शोधकर्ताओं को अन्य विषयों के साथ वनस्पति विज्ञान, जन्तु विज्ञान, विधि (Law) पर्यावरण, वानिकी एवं वन्य जीवों से संबंधित विषयों पर भी शिक्षा प्रदान की जाती है। उक्त विषयों पर 05 स्नातक विद्यार्थियों / शोधकर्ताओं के लिए एक माह एवं 10 परास्नातक विद्यार्थियों / शोधकर्ताओं के लिए तीन माह का फील्ड का व्यवहारिक अनुभव / ज्ञान की सुविधा प्रदान करने के संबंध में वन एवं वन्य जीव विभाग द्वारा 01 जनवरी, 2023 से इन्टर्नशिप प्रदान किया जा रहा है।

अतः अनुरोध है कि अपने अधीनस्थ विश्वविद्यालय एवं विभिन्न महाविद्यालयों में अध्ययनरत इच्छुक विद्यार्थियों / शोधकर्ताओं को उक्त इंन्टर्नशिप के संबंध में अवगत कराने का कष्ट करें। इच्छुक विद्यार्थियों / शोधकर्ताओं द्वारा दिनांक 31.12.2022 तक आवेदन पत्र विभाग में जमा कराये जायेंगे। इन्टर्नशिप के संबंध में विस्तृत विवरण विभागीय वेबसाइट (http://upforest.gov.in) पर भी उपलब्ध है।

भवदीया,

(ममता संजीव दूबे)
प्रधान मुख्य वन संरक्षक और विभागाध्यक्ष,
उत्तर प्रदेश, लखनऊ।

संख्या– (1) / दिनांकित।
प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1. प्रधान मुख्य वन संरक्षक, वन्य जीव,उ0प्र0, लखनऊ।
2. प्रधान मुख्य वन संरक्षक, अनुसंधान एवं प्रशिक्षण,उ0प्र0, कानपुर।

(ममता संजीव दूबे)
प्रधान मुख्य वन संरक्षक और विभागाध्यक्ष,
उत्तर प्रदेश, लखनऊ।

संख्या– (2) / दिनांकित।
प्रतिलिपि अपर मुख्य सचिव, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग, उ0प्र0 शासन, लखनऊ को सूचनार्थ प्रेषित।

(ममता संजीव दूबे)
प्रधान मुख्य वन संरक्षक और विभागाध्यक्ष,
उत्तर प्रदेश, लखनऊ।